भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
29.03.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 4830 का उत्तर

रेलगाड़ियों/मालगाड़ियों का यातायात कम करना

4830. डॉ. के. जयकुमार:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रेलगाड़ियों/मालगाड़ियों के यातायात की वर्तमान भीड़ को कम करने के लिए चेननई-गुम्मिडिपूंडी मार्ग में एक अतिरिक्त रेलपथ जोड़ने का प्रस्ताव है;
(ख) यदि हां, तो इस परियोजना के कब तक शुरू होने और पूरा होने की संभावना है;
(ग) यदि नहीं, तो इस मार्ग पर यातायात की भीड़ को कम करने के लिए मंत्रालय के वैकल्पिक प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या मौजूदा रेल पथों पर लोकल रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि करना संभव है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ड.): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

रेलगाड़ियों/मालगाड़ियों का यातायात कम करने के संबंध में 29.03.2023 को लोक सभा में डॉ. के. जयकुमार के अतारांकित प्रश्न संख्या 4830 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग): चैन्ने -गुम्मिडिपुंडी मार्ग पर , चेन्नई-अतिपट्टू के बीच खंड में 4 रेल लाइनें हैं। अतिपट्टू-गुम्मिडिपुंडी के बीच तीसरी और चौथी लाइन के लिए सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है। सर्वेक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने पर और उस पर परिणाम को अंतिम रूप दिए जाने के बाद परियोजना पर आगे विचार संभव है।

(घ) और (ड.): अति व्यस्त समय के दौरान मार्ग संबंधी कठिनाइयों के कारण चैन्ने सेंट्रल-गुम्मिडिपुंडी खंड पर ईएमयू सेवाओं के फेरे में वृद्धि करना वर्तमान में व्यवहार्य नहीं है।

*****